हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 26 अप्रैल 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 एनआई के चलते रेलवे स्टेशन पर दो घंटे रेल ...



09 नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के ...




## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने किया केंद्रों का निरीक्षण

**ग्यारसपुर।** एसडीएम शशि मिश्रा ने चक्क पाटनी, चिरावटा और ग्यारसपुर स्थित मंगलम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने तुलाई व्यवस्था, नमी मापदंड और रिकॉर्ड संधारण की बारीकी से जांच कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला परियोजना प्रबंधक संजय चौरसिया सहित अन्य अधिकारियों ने तौल कांटों व कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। हमालों, सर्वेयर व वेयरहाउस संचालक से चर्चा कर व्यवस्थाओं का आकलन किया गया। समूह की महिलाओं से संवाद कर उपार्जन कार्य सुचारू रखने निर्देश दिए गए।

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का समापन

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुपता के निर्देशन में अनुसूचित जाति कन्या महाविद्यालय छात्रावास में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का समापन हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में बालिकाओं को जेंडर समानता, आत्म-सुरक्षा, लैंगिक हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य व हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने अधिकारों व शिकायत प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।

### एसडीएम ने आयुष केंद्र का निरीक्षण किया

**विदिशा।** नटेरन एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल ने ग्राम खड़ेर स्थित आयुष औषधालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित मिला, जिस पर उन्होंने संतोष जताया। औषधालय में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए 23 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एसडीएम ने दवाओं की उपलब्धता, उपचार व्यवस्था एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष सेवाएं और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को सुलभ व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण जारी

**नटेरन।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के परिपालन में जिले भर के समर्थन मूल्य उपार्जन केन्द्रों का अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि खरीदी व्यवस्था सुचारू एवं पारदर्शी बनी रहे। इसी क्रम में नटेरन तहसीलदार आनंद जैन द्वारा आज शनिवार को मनोशीला वेयर हाउस, ताजखजूरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन कार्य, भंडारण व्यवस्था, तौल प्रक्रिया तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया। तहसीलदार ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा किसानों को समय पर भुगतान एवं सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण एवं पारदर्शिता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानीं।

## आधा घंटे देरी से पहुंची फायर ब्रिगेड, श्रद्धालुओं में मची अफरा-तफरी

# देवी का बाग मंदिर के पीछे फर्नीचर के गोदाम में धधकी आग, पूरा सामान जलकर हुआ राख

- शॉर्ट सर्किट के कारण आगजनी होने की आशंका।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शहर के देवी के बाग मंदिर के पीछे शनिवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मंदिर परिसर से सटे एक बड़े टीन शेड में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास का क्षेत्र घने धुएं से भर गया।

घटना के समय मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी थी, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। हालांकि समय रहते लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचकर खुद को बचा लिया, जिससे जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार आग फर्नीचर व्यवसायी विजय सुंदरानी के टीन शेड में लगी, जहां फर्नीचर, सोफा, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन सहित अन्य घरेलू सामान रखा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आसपास मौजूद झाड़ियां, कचरा और कुछ अस्थायी ढांचे भी आग की चपेट में आ गए। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि प्रशासन ने जांच के निर्देश दिए हैं। इस घटना ने शहर की अग्निशमन तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



विदिशा। आग लगने के बाद मुख्य मार्ग पर लगा जाम। एसपी रोहित काशवानी खुद आग बुझाने में जुटे।

### सूचना के बाद भी देर से पहुंची दमकल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि आग लगते ही फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी गई थी, लेकिन करीब आधा घंटे तक दमकल मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान आग लगातार फैलती रही। इंतजार के बाद जब दमकल वाहन पहुंचे तो उनमें पानी भी पर्याप्त नहीं था, जिससे आग बुझाने में अतिरिक्त समय लगा। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोग आग देखने के लिए मौके पर जमा हो गए, लेकिन ट्रैफिक नियंत्रण की कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आई। इससे मार्ग अवरुद्ध हो गया और दमकल वाहनों को पहुंचने में भी दिक्कत हुई।

# समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र पर किसानों से वसूली जांच कर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶हैदरगढ़

हैदरगढ़ स्थित खिरिया जागीर व्हाइटफील्ड वेयरहाउस गेहूं उपार्जन केंद्र पर किसानों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। किसानों ने आरोप लगाया है कि केंद्र पर पदस्थ सर्वेयर और संबंधित कर्मचारी नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम पैसे वसूल रहे हैं। किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी के नाम पर उनसे वसूली की जा रही है, जिससे उनमें भारी आक्रोश है। केंद्र पर सुबह से शाम तक किसान तपती धूप में बैठे रहते हैं, टेंट या अन्य कोई व्यवस्था नहीं की गई है। किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### 500 और 100 रुपए नकद लेने का आरोप

एक पीड़ित किसान ने बताया कि वह 22 तारीख को अपना गेहूं तुलाई के लिए केंद्र पर लेकर पहुंचा था। गेहूं अच्छी गुणवत्ता का होने के बावजूद उसे अनावश्यक रूप से डराया-धमकाया गया और आपत्तियां लगाई गईं। किसान के अनुसार सर्वेयर करण लोधी ने उससे 500 रुपए फोनपे के माध्यम से और 100 रुपए नकद लिए। फोनपे के लिए किसी अन्य व्यक्ति का नंबर दिया गया, जिसका स्क्रीनशॉट किसान के पास मौजूद है। किसान ने यह भी आरोप लगाया कि 20 से 25 किलो गेहूं जबरन काट लिया जाता है।

### जांच के निर्देश, कार्रवाई का आश्वासन



मामले को लेकर एसडीएम शशि मिश्रा ने कहा कि उन्हें सर्वेयर द्वारा वसूली की शिकायत मिली है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। उनके निर्देश पर नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन मौके पर पहुंचे, जांच कर पंचनामा बनाया और रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को भेजी। अधिकारियों ने नियम अनुसार सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# कुरवाई में कांग्रेस का किसान हल्लाबोल: एक किमी पैदल चलकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

भीषण गर्मी के बीच कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण करीब 1 किलोमीटर का पैदल मार्च रहा। कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर से पहले अपने वाहन खड़े कर जय जवान-जय किसान, एमएसपी की गारंटी दो और किसान विरोधी सरकार नहीं चलेगी जैसे नारे लगाते हुए नई तहसील तक मार्च किया। लगभग 45 डिग्री तापमान के बावजूद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।




ज्ञापन में चार प्रमुख मांगें उठाई गईं। कांग्रेस ने गेहूं, चना और मसूर की खरीदी तब तक जारी रखने की मांग की जब तक किसानों का पूरा अनाज नहीं खरीदा जाता। दो हेक्टेयर से अधिक रकबे वाले किसानों के लंबित स्लॉट तत्काल बुक करने, चने में तेवड़ा की स्वीकार्य सीमा 2 प्रतिशत तय करने तथा खरीफ सीजन से पहले किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल रही।

### अटारीखेजड़ा में दिनदहाड़े 50 हजार लूटे

**विदिशा।** अटारी खेजड़ा में 22 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजे दिनदहाड़े लूट की घटना सामने आई। विदिशा के सेलिंग व्यापारी राहुल जैन की ओमनी वैन से अज्ञात चोर 50 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पीड़ित ने वारदात के सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपे हैं, लेकिन आरोप है कि स्थानीय पुलिस अब तक न तो एफआईआर दर्ज कर रही है और न ही आरोपियों की तलाश में सक्रियता दिखा रही है। इससे व्यापारियों में रोष व्याप्त है। व्यापारियों ने एसपी रोहित काशवानी से जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने मांग की है।

## सात माह से वेतन लंबित, कर्मचारियों की हड़ताल 20वें दिन भी जारी

# भीषण गर्मी में धरने पर 120 कर्मचारी, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और संगठनों का मिल रहा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

एसएटीआई पॉलिटेक्निक के लगभग 120 कर्मचारी पिछले सात माह से वेतन न मिलने के कारण लगातार 20वें दिन भी हड़ताल पर डटे हुए हैं। भीषण गर्मी के बावजूद कर्मचारी धरना स्थल पर अपनी मांगों को लेकर बैठे हैं। गर्मी के कारण कई कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ने की खबर है, फिर भी उनका कहना है कि यह उनकी आजीविका का सवाल है और जब तक वेतन भुगतान व अन्य मांगें पूरी नहीं होतीं, वे आंदोलन जारी रखेंगे। धरना स्थल पर संस्था के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके सेवानिवृत्त श्री हरी बाबू शर्मा पहुंचे और कर्मचारियों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि यह संस्था कभी गौरवशाली रही है, ऐसे हालात अत्यंत दुखद हैं। वहीं संस्था के पूर्व छात्र एवं मध्यप्रदेश पीडब्ल्यूडी सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने भी पहुंचकर कर्मचारियों से चर्चा की और हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। इसी क्रम में शिवसेना पदाधिकारियों ने दुर्गानगर चौराहे से



एसएटीआई गेट तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया तथा प्राचार्य को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

# रेलवे में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दो दोषियों को सजा

## जाली दस्तावेज बनाकर बेरोजगार युवाओं से लाखों की वसूली, न्यायालय ने लगाया 13-13 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बीना और सागर के बेरोजगार युवाओं से लाखों की ठगी करने वाले दो दोषियों को न्यायालय ने कठोर सजा सुनाई है। न्यायाधीश राजेश शर्मा ने आरोपी ओमप्रकाश लोधी एवं जगदीश प्रसाद (रेलवे कर्मचारी) को विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता दीपक सेन ने बताया कि फरियादी राज कुशवाह की रिपोर्ट पर थाना गुलाबगंज में वर्ष 2021 में मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि ओमप्रकाश लोधी निवासी गुलरखेड़ी गुलाबगंज तथा जगदीश प्रसाद निवासी इब्राहिमगंज भोपाल ने फर्जी नियुक्ति पत्र एवं जाली दस्तावेज तैयार कर युवाओं से रकम ऐंठी। पुलिस जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। विचारण के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपियों को धारा 419 में 3 वर्ष, धारा 420 में 5 वर्ष तथा धारा 467 व 471 में 7-7 वर्ष के कारावास एवं कुल 13-13 हजार रुपये जुर्माने से दंडित कर जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि ओमप्रकाश पूर्व में रेलवे से निष्कासित कर्मचारी भी था।

# विधायक के आश्वासन पर आप पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना स्थगित

## 10 दिन में मांगें पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

- विधायक ने कलेक्टर से बात कर तुलाई के निर्देश दिलवाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

आम आदमी पार्टी द्वारा किसानों की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर नई गल्ला मंडी गेट पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना स्थानीय विधायक मुकेश टंडन के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया।

दोपहर 2 बजे धरना स्थल पहुंचे विधायक ने पार्टी नेताओं व किसानों से चर्चा कर मांगों को शासन स्तर पर उठाने का भरोसा



दिलाया। उन्होंने कहा कि शाम की बैठक में मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री से विस्तृत चर्चा की जाएगी। धरने के दौरान वरिष्ठ नेता भगवत सिंह राजपूत ने मंडी में 7 दिनों से खड़ी ट्रालियों की तुलाई न होने का मुद्दा उठाया, जिस पर विधायक ने कलेक्टर से बात कर तुलाई के निर्देश दिलवाए। जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा ने 10 दिन की मोहलत देते हुए मांगें पूरी न होने पर पुनः आंदोलन की चेतावनी दी।

### गेहूं खरीदी स्लॉट बुकिंग में अफरातफरी, सर्वर डाउन से किसान परेशान

**शमशाबाद।** समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया से किसान परेशान हैं। बड़े किसानों के लिए स्लॉट सीमा बढ़ाए जाने के बाद रात 8 बजे जैसे ही पोर्टल खुला,किसानों ने ऑनलाइन बुकिंग का प्रयास शुरू कर दिया। ऑनलाइन केंद्रों पर किसान पूरी रात अपनी बारी का इंतजार करते रहे। कई किसानों के ओटीपी आने के बाद भी स्लॉट बुक नहीं हो सके और स्क्रीन पर बार-बार प्रतीक्षा करें संदेश आता रहा। सर्वर बार-बार डाउन होने से एक स्लॉट बुक करने में आधे घंटे से अधिक समय लग गया। जटपुरा के किसान रिंकू भार्गव ने बताया कि रात 2 बजे से सुबह 5 बजे तक प्रयास करने के बाद भी स्लॉट बुक नहीं हो पाया। किसानों ने प्रशासन से सर्वर क्षमता बढ़ाने और वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

# सिलेंडर में गैस की जगह निकला पानी, गैस सप्लाई पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶हैदरगढ़

रसोई गैस उपभोक्ताओं को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम निवासी विनीता बाई कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 13 अप्रैल को 930 रुपए में सिलेंडर भरवाया था, लेकिन करीब 12 दिन बाद ही गैस खत्म हो गई। जांच करने पर सिलेंडर से पानी जैसी आवाज आई और दबाने पर पानी निकलने लगा। परिवार का आरोप है कि करीब 4 किलो गैस उपयोग के बाद शेष सिलेंडर में पानी भरा मिला।

शिकायत लेकर एजेंसी पहुंचने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से परिवार नया सिलेंडर भरवाने में



असमर्थ है। एजेंसी संचालक अभिषेक सुगंधि ने कहा कि उपभोक्ता दोबारा बुकिंग कराएं, 4 किलो गैस की राशि समायोजित कर नया सिलेंडर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# चेतावनी दी : समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो सीएम निवास तक पदयात्रा करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

किसान कांग्रेस के तत्वावधान में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर माधवगंज पर एक दिवसीय भूख हड़ताल की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनीत दांगी ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने के लिए गठित कृषि लागत एवं मूल्य आयोग और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप किसानों को लागत का डेढ़ गुना मूल्य मिलना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में सैटेलाइट सर्वे के नाम पर स्लॉट बुकिंग में बाधाएं, मध्यम व बड़े किसानों का पंजीयन बंद होना और खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्थाएं किसानों के साथ अन्याय हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव



आनंद प्रताप सिंह ने प्रदेश सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया।

अन्य वक्ताओं ने खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रति क्विंटल कटौती बंद करने की मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि 2-3 दिनों में समाधान नहीं हुआ तो सैकड़ों किसान भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास तक पदयात्रा करेंगे।

## कलेक्टर अंशुल गुप्ता के आदेश, दो सत्रों में होगी एमपीपीएससी परीक्षा

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज, तीन केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात, एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा

**कर्मचारी 26 अप्रैल सुबह 7 बजे से परीक्षा समाप्ति तक तैनात रहेंगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 के शांतिपूर्ण संचालन के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला नोडल अधिकारी दीपश्री काशवानी ने बताया कि परीक्षा 26 अप्रैल, रविवार को दो सत्रों में आयोजित होगी। पहला सत्र सुबह 10 से 12 बजे और दूसरा सत्र दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक रहेगा। शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल, साँची रोड पर तहसीलदार अजय पाठक, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्कूल, बड़ा बाजार में तहसीलदार निधि लोधी तथा राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय में नायब तहसीलदार ओम बघेल को दायित्व सौंपा गया है। सभी अधिकारी सुबह 8 बजे से केंद्रों पर मौजूद रहेंगे। पुलिस विभाग को भी सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए हैं।



विदिशा। परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर एसपी रोहित काशवानी ने लिया जायजा।

### एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा हेतु कंट्रोल रूम गठित, कर्मचारियों की ड्यूटी तय की

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2026 के सफल संचालन के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। संयुक्त कलेक्टर दीपश्री काशवानी ने बताया कि लेखा व नियंत्रण कक्ष संचालन के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। सभी कर्मचारी आज रविवार सुबह 7 बजे से परीक्षा समाप्ति तक तैनात रहेंगे। कमरा क्रमांक 132 से निगरानी होगी। सहायता हेतु 07592-235305 पर संपर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### राजीव का सुयश



**गंज बासौदा।** डॉल्फिन स्कूल के कक्षा 9 वीं के छात्र राजीव पुत्र योगेश राखी शिल्पकार ने फर्स्ट डिवीजन के साथ कक्षा उत्तीर्ण कर कक्षा में स्थान प्राप्त किया। छात्र राजीव ने गणित विषय में 100 में से 94 अंक प्राप्त किए। छात्र की इस उपलब्धि पर परिवारजन, विद्यालय के प्राचार्य सहित स्टॉफ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### डॉ जादौन बने जिला प्रशिक्षण प्रभारी



**गंजबासौदा।** पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन को जिला रायसेन का जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी बनाए जाने पर डॉ राकेश जादौन को कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए वरिष्ठ नेतृत्व का आभार माना है। बधाई देने वालों में राकेश खटीक, सरिता जैन, रूपेंद्र शर्मा गुड्डा, स्वप्निल जैन, समीर किरमानी, सतपाल कुशवाह आदि शामिल हैं।

### जन्मोत्सव मनाया



**गंजबासौदा।** गत दिवस बाबा जगन्नाथ दास एवं पंडित करोड़ी महाराज त्यागी की तपोस्थली सिरोंज चौराहा नौलखी धर्मशाला में विश्व ब्राह्मण समाज एवं धर्म प्रेमी महानुभावों ने भगवान परशुराम का जन्मोत्सव विशेष पूजन महाआरती एवं पांच प्रकार का मिष्ठान्न का भोग लगाकर एवं प्रसादी वितरण कर मनाया। इस अवसर पर दीपक तिवारी, प्रकाश एलिया, दिनेश दंडोतिया, सुनील बाबू पिंगले, राजकुमार पाराशर, डॉ. अशोक रोहिले मौजूद रहे।

### स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**गंजबासौदा।** श्री सीता नवमी जन्मोत्सव एवं श्री 12 ज्योतिर्लिंग भगवान के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण भगवान, श्री लक्ष्मी नारायण भगवान, श्री सीता राम भगवान, श्री परशुराम भगवान, श्री नवग्रह मंडल स्वरूप एवं श्री नंदीश्वर महाराज की पावन उपस्थिति में मंदिर प्रांगण में सायं 6:30 बजे से कीर्तन एवं आरती का आयोजन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर किया गया।

# यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान किया कई वाहन चालकों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों निर्देशन में एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी द्वारा स्टॉफ के साथ नगर में विशेष चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर की प्रमुख ऑटो पार्ट्स दुकानों की जांच की गई। दुकानदारों को मोडिफाइड साइलेंसर न बेचने एवं ऐसे मामलों की सूचना पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया। बताया गया कि



इससे अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण होता है, जिससे आम नागरिकों, विशेषकर बच्चों एवं बुजुर्गों को परेशानी होती है।



वाहन चलाते पाए गए नाबालिगों के परिजनों को मौके पर बुलाकर समझाइश दी तथा भविष्य में पुनरावृत्ति न करने की सख्त चेतावनी दी। साथ ही नगर पालिका टीम के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर सड़क पर खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 13 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 6300 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया।

अभियान के दौरान नागरिकों को राहवीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। "यातायात नियमों का पालन केवल जुर्माने से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपने और दूसरों की सुरक्षा के लिए करें। सुरक्षित चलें, सुरक्षित रहें। वहीं शुक्रवार को यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई मुख्य रूप से बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना वैध दस्तावेज और दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी ओवरलोडिंग बैठाने वालों, टूटी नंबर प्लेट एवं बगैर नंबर प्लेट के वाहन चालकों के विरुद्ध की गई। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 19 वाहन चालकों से 6200 रुपए जुर्माना वसूला गया।

## रेल संचालन अधिक सुरक्षित, तेज और त्रुटिरहित बनाने लगाया नया पैनल

# एनआई के चलते रेलवे स्टेशन पर दो घंटे रेल यातायात रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सिग्नल विभाग द्वारा नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 2 घंटे का ब्लॉक लिया गया। ब्लॉक के दौरान 2 घंटे तक तीनों लाइनों में किसी भी ट्रेन का आवागमन नहीं किया गया और ट्रेन यातायात इस अवधि में पूरी तरह बंद रहा।

रेलवे सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डब्ल्यूसीआर के भोपाल डिवीजन के गंज बसोदा स्टेशन पर पैनल को डुअल वीडीयू से बदलने के लिए बीना भोपाल सेक्शन के गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर नॉन इंटरलाकिंग गतिविधियां संचालित की गईं। इसके चलते शनिवार को सुबह 10 बजकर 10 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 10 मिनट तक रेल यातायात के लिए ब्लाक लगाया गया। जिससे इस अवधि में दो घंटे तक अप और डाउन दोनों ओर से





रेल यातायात पूरी तरह बंद रहा। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य में गंजबासौदा स्टेशन पर पदस्थ संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों के अलावा पवई, बरेठ, मंडी बामोरा, गुलाबगंज,, विदिशा, बीना, भोपाल के अधिकारियों, तकनीशियनों एवं कर्मचारियों के अलावा सीमेंस लिमिटेड, परम सीमेंस एवं HNAP प्राइवेट लिमिटेड के भी इंजीनियर्स एवं तकनीकी टीम उपस्थित रही। इस दौरान रेलवे द्वारा पुराने पैनल इंटरलॉकिंग को हटाकर डुअल VDU आधारित आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम स्थापित किया गया, जिससे रेल संचालन अधिक सुरक्षित, तेज और त्रुटिरहित रहेगा।

ब्लॉक अवधि में पूरे यार्ड एवं आसपास के सेक्शन में ट्रेनों का संचालन बंद रहा और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गाड़ियों को आसपास के स्टेशन पर खड़ा रखा गया। इस कार्य के चलते अप और डाउन लाइन की ट्रेनें 10 मिनट से लेकर सवा घंटे तक बिलंबित हुईं। जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

### अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग, केबल लाइन बची

**गंजबासौदा।** हरदूखेड़ी अंडरपास के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा शाम के समय आग लगा दी गई। गर्मी के मौसम में हवा के साथ आग तेजी से आसपास फैल गई, पास में रेलवे की केबल लाइन भी बिछी हुई थी। जिसकी जानकारी मिलने पर रेल्वे कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पानी एवं अग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पाया और रेलवे की केबल को क्षतिग्रस्त होने से बचाया गया।



### भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर समाज बंधुओ के द्वारा ग्राम बहलोट स्थित देवनगरी में भगवान चंद्रगुप्त मंदिर पर समाजबंधु के द्वारा भगवान चित्रगुप्त का अभिषेक किया गया। तत्पचात आरती पूजन की गई एवं प्रसादी वितरण किया गया। इससे पूर्व दिन में समाज की महिलाओं के द्वारा भजन एवं अन्य धार्मिक आयोजन संपन्न किए गए। शाम के समय समाज बंधुओ के द्वारा श्री चित्रगुप्त मंदिर पर छप्पन भोग प्रसाद का वितरण किया गया। शाम के समय संपन्न हुई आरती प्रसादी में दर्जनों की संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज उत्थान से संबंधित कार्यों की रूपरेखा बनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं कायस्थ सभा के साथ कायस्थ विकास परिषद एवं समाज के सभी प्रकल्पों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### किसानों ने बोई मूंग की फसल

**गंज बासौदा।** इस बार गर्मी के मौसम में आने वाली मूंग की फसल की बुआई इलाके के अनेक किसानों ने की है। ज्ञात हो कि रबी फसल से निपटने के बाद उन किसानों ने मूंग की सफल बोई है जिनके पास सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी है। किसान गर्मी को ध्यान में रखते हुए मूंग की फसल में सिंचाई कर रहे हैं, जिससे खेत हरे भरे दिखाई देने लगे हैं। यहां उल्लेखनीय है कि विगत दो, तीन वर्षों से इलाके भर में गर्मी के मौसम में मूंग की बोवनी का चलन किसानों में बढ गया है, जिससे किसानों की आय भी बढ़ी है।

## महिला बाल विकास विभाग ने रुकवाया नाबालिग का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से प्राप्त शिकायत पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा एवं विवेक शर्मा सहायक संचालक के निर्देशन में महिला बाल विकास विभाग की टीम को तत्काल गंजबासौदा परियोजना अंतर्गत ग्राम काजी किर्रोदा भेजा गया।

टीम द्वारा गंजबासौदा परियोजना अधिकारी वीपी सिंह को भी जानकारी दी गई और गंजबासौदा सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया को चाइल्ड हेल्पलाइन से प्राप्त बाल विवाह के संबंध में जानकारी दी गई। थाना प्रभारी के निर्देशन में उदयपुर चौकी प्रभारी डीएस रघुवंशी को पुलिस बल के साथ ग्राम काजी किर्रोदा भेजा गया। जहां पर बालिका की आयु संबंधी जानकारी ली गई। बालिका के जन्म प्रमाण पत्र में बालिका की आयु 17 वर्ष पाई गई। बालिका का विवाह दिनांक 26



अप्रैल को कोलार भोपाल निवासी से होना तय हुआ था। लड़की पक्ष के परिजनों एवं उपस्थित रिश्तेदारों को बाल विवाह रोकथाम की जानकारी दी गई। परिजनों एवं उपस्थित रिश्तेदारों से लिखित सहमति ली गई। परिजनों एवं रिश्तेदारों द्वारा बालिका का विवाह 18 वर्ष आयु पूर्ण होने पर ही विवाह करने पर सहमति दी गई। लड़का पक्ष को भी जानकारी दी गई की बालिका नाबालिग है। विवाह की निर्धारित आयु सीमा पूर्ण करने पर ही आप बालिका से विवाह कर सकते हैं। मौके पर ही कथन और पंचनामा की कार्रवाई की गई। परिजनों रिश्तेदारों की सहमति होने पर बाल विवाह को समझाइश देकर रोका गया। बाल विवाह रोकने की कार्रवाई के दौरान मुकेश ताम्रकार बाल विवाह रोकथाम प्रभारी, ज्योति विश्वकर्मा सेक्टर पर्यवेक्षक, डीएस रघुवंशी चौकी प्रभारी उदयपुर, रत्नेश रोहित एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता दांगी उपस्थित रहीं।

## वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत 9 मई को, बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विदिशा के मार्गदर्शन में 9 मई को इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में किया जाना है। उक्त लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण कर, बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित विद्युत एवं जल प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना है। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु शनिवार को विभिन्न विभागों के अधिकारीगण की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरप्रसाद



वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति गंजबासौदा द्वारा की गई।

जिसमें राकेश कुमार ठाकुर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बासौदा. पूजा गोले तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बासौदा, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा, आफरीन युसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा, स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय न्यायाधीश कनिष्ठ खंड शहर बासौदा, देहात बासौदा सहित अन्य थाना प्रभारी, नपा, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग व बैंकों के अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित हुए। आयोजित लोक अदालत में रखे जाने वाले विद्युत के लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के लिए उर्जा विभाग द्वारा छूट जारी कि गई है जिसमें समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 3-5 किलोवाट तक के गैर घरेलू, 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक प्रिलिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल प्रक्रिया दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में देरी किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज कीराशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। न्यायालय में लंबित प्रकरण स्तर पर कंपनी द्वारा 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि भुगतान में देरी किए जाने पर 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट की जाएगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत दिनांक 09.05.2026 में समझौता करने के लिये ही लागू रहेगी।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# उदयपुर के शास. उमावि में विज्ञान कार्यशाला व मेले का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उमावि उदयपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विज्ञान कार्यशाला एवं मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय "भूगोल, खगोल एवं गणितीय नवाचार" रहा। यह आयोजन महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन की स्मृति को समर्पित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य महाराज सिंह रघुवंशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज के समय में केवल पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रयोगों और नवाचारों के माध्यम से सीखना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करते हैं और उन्हें जिज्ञासु तथा शोधपरक सोच




अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय में विद्यार्थियों को खगोल, भूगोल और गणित जैसे विषयों को मॉडल एवं प्रयोगों के माध्यम से समझने का अवसर मिला।

इस शैक्षणिक कार्यक्रम में विशेषज्ञ दीपक सोनी ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम मुख्य रूप से ब्रह्मांड की संरचना, सौरमंडल की कार्यप्रणाली तथा उपयोगात्मक गणित की अवधारणाओं को सरल एवं प्रयोगात्मक तरीके से समझाने पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, तार्किक सोच एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। नीरज सिंह ठाकुर ने कहा कि "इस विज्ञान कार्यशाला एवं मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल एवं रोचक तरीके से समझाना था। सूर्य एवं चंद्र ग्रहण, चंद्रकलाएं, मौसम निर्माण, राशि चक्र तथा पृथ्वी की गति जैसे विषय सामान्यतः विद्यार्थियों को कठिन लगते हैं, लेकिन जब इन्हें क्रियाशील मॉडलों और प्रयोगों के माध्यम से समझाया गया, तो विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ इन्हें सीखा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए खगोल एवं भूगोल विज्ञान से संबंधित अनेक नवाचारी प्रयोग और मॉडल प्रस्तुत किए गए। इनमें सूर्य एवं चंद्र ग्रहण, चंद्रकलाएं, मौसम निर्माण की प्रक्रिया, राशि चक्र, पृथ्वी की चाल आदि जटिल अवधारणाओं को क्रियाशील मॉडलों के माध्यम से हैंड्स- ऑन गतिविधियों द्वारा सरलता से समझाया गया। विद्यार्थियों ने वॉटर रॉकेट्री, सूर्य का सुरक्षित अवलोकन, पृथ्वी की गति के मॉडल तथा सौरमंडल आधारित प्रयोग स्वयं बनाकर सीखे, जिससे उनकी वैज्ञानिक समझ और रचनात्मकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को डॉ. सीवी रमन के जीवन, उनके वैज्ञानिक योगदान एवं विज्ञान के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता एवं विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों, विशेषज्ञों, विद्यार्थियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बलराम कुशवाहा ने आयोजन में सहयोग किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए विज्ञान को समझने, प्रयोग करने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का एक प्रेरणादायक अवसर सिद्ध हुआ।

# विधायक ने किया बोरवेल का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के बीच स्थित शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय का खेल मैदान अब आधुनिक सुविधाओं से लैस होने जा रहा है। गत दिवस विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने मैदान में बोरवेल का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही खिलाड़ियों की वर्षों पुरानी पानी की समस्या के समाधान की शुरुआत हो गई। बोरिंग के बाद यहां हैंडपंप लगाया जाएगा, जिससे अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। खेल मैदान पर बोर के भूमिपूजन के अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी के अलावा, प्राचार्य नरेंद्र ठाकुर सहित अनेक खेल प्रेमी मौजूद थे।

विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने विधायक निधि से करीब एक करोड़ की लागत से सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रपोजल तैयार करवाया जिसकी प्रारंभिक रूप में करीब 89 लाख रुपए की स्वीकृति मिल गई है। विधायक रघुवंशी ने बताया कि करीब 89 लाख रुपए की लागत से



इस मैदान को व्यवस्थित और सुविधायुक्त स्पोर्ट्स ग्राउंड के रूप में विकसित किया जाएगा। चारों ओर बाउंड्री वॉल दर्शकों के लिए बैठक व्यवस्था स्टेप, स्टैंड खिलाड़ियों के लिए वॉश एरिया बालक, बालिकाओं के लिए चेंजिंग रूम जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। अगले एक से सवा साल में यहां बुनियादी से लेकर उन्नत खेल सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी, जिससे नगर के खिलाड़ियों को बड़ा लाभ मिलेगा।

### भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**गंजबासौदा।** ग्राम मर्दाखेड़ी नाका में स्थित संतोषी माता मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बडी माता मंदिर बरेठ से एक कलश यात्रा निकाली गई, जो संतोषी माता मंदिर तक पहुंची। जिसमें भागवताचार्य पंडित नवीन कृष्ण शास्त्री रथ पर विराजमान होकर चल रहे थे।

### नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतें स्वयं के वित्तीय संसाधन जुटाएं

# नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करें : अध्यक्ष वित्त आयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग जयभान सिंह पवैया ने कहा है कि कलेक्टर्स श्रेष्ठ ग्राम पंचायतें और नगरीय निकाय बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कलेक्टर्स ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को श्रेष्ठ बनाने के लिए ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता प्रारंभ करें तथा अच्छा कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को पुरस्कृत भी करें। अध्यक्ष मध्यप्रदेश वित्त आयोग ने कहा है कि सभी कलेक्टरों में उत्कृष्ट कार्य करने की भूख होना चाहिए। नवाचार करने की ललक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों को व्यवस्थाओं के लिए जो राशि दी जाती है, उसका सदुपयोग सुनिश्चित कराएं और राशि के उपयोग की लेखांकन व्यवस्था और अंकेक्षण व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अध्यक्ष मध्यप्रदेश वित्त आयोग जयभान सिंह पवैया आज कमिश्नर कार्यालय सागर में संभागीय स्तरीय बैठक में कलेक्टर्स और अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, नगर निगमों, नगर पालिकाओं को सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए अपने वित्तीय संसाधनों का विकास करना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं और नगरीय निकाय अपने वित्तीय संसाधनों का विकास कर विकास को आगे बढ़ाएं।

अध्यक्ष मध्यप्रदेश वित्त आयोग ने सुझाव दिया कि नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा एक अच्छा विकल्प है। उन्होंने सुझाव दिया कि बिजली की बचत और आने वाली ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। बैठक में वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए किए जा रहे सागर संभाग में नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में पन्ना कलेक्टर उषा परमार ने बताया कि पन्ना जिले में पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र के ग्राम पंचायत मंडला में सफारी वाहनों से कर लिया जा रहा है, वहीं ग्राम पंचायत शाहनगर में भी जल कर की वसूली सहजता से की जा रही है। उन्होंने बताया कि पन्ना जिले में ग्राम पंचायतों के माध्यम से करारोपण कर ग्राम पंचायतों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक में नगर पालिका अधिकारी टीकमगढ़ ने बताया कि टीकमगढ़ नगर क्षेत्र में लगभग 1000 दुकानें नगर पालिका क्षेत्र में किराए पर संचालित हैं। जिनका किराया कई वर्षों से नहीं बढ़ाया गया था। नगर पालिका की दुकानों का किराया 2 रुपये, 17 रुपये, 80 रुपये तक था, जिसमें वृद्धि करने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ नगर में उपभोक्ता प्रभार को बढ़ाया गया है, जिससे टीकमगढ़ नगर पालिका की आय बढ़ी है।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टीकमगढ़ ने बताया कि वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण जिला पंचायतों और जनपद पंचायतों के कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं होता है। किन्तु ईपीएफ संगठन द्वारा कर्मचारियों की ईपीएफ की राशि नहीं जमा करने पर पेनल्टी लगाई जाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस व्यवस्था को व्यवहारिक बनाया जाए।

बैठक में अध्यक्ष राज्य वित्त आयोग जयभान सिंह पवैया ने सागर नगर निगम क्षेत्र से लगे हुए गांवों में आवास निर्माण के लिए दी जा रही अनुमतियों पर चर्चा की तथा कहा कि ग्राम पंचायतों में कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी ग्राम पंचायतों को भी राजस्व प्राप्त होना चाहिए और ग्राम पंचायतों का सर्वांगीण विकास होना चाहिए।

बैठक में सदस्य राज्य निर्वाचन आयोग के. के. सिंह ने बताया कि केंद्रीय वित्त आयोग की अनुशंसाएं एक अप्रैल से लागू हुई हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न संसाधनों से भारत सरकार को जो राजस्व प्राप्त होता है, उसमें से 41 प्रतिशत राजस्व राज्यों को देने का प्रावधान किया गया है। बैठक में कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी, कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल, कलेक्टर निवाड़ी जमुना भिड़े, कलेक्टर दमोह प्रताप नारायण यादव, कलेक्टर टीकमगढ़ विवेक श्रोत्रिय, आयुक्त नगर निगम सागर राजकुमार खत्री, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में जल गंगा संवर्धन पर संगोष्ठी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों द्वारा एक प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए जल है तो कल है का सार्थक संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्वेता आनंद त्यागी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन के माध्यम से देशभर में नदियों, तालाबों, कुओं एवं बावड़ियों के पुनर्जीवन और संरक्षण का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में जल के पवित्र स्थान को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि हम जल की प्रत्येक बूंद को गंगाजल के समान मानें, तभी उसके संरक्षण की दिशा में वास्तविक और प्रभावी प्रयास संभव हो पाएंगे। इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने एक सराहनीय और अभिनव पहल प्रस्तुत की।

विद्यार्थियों ने स्कूल में वाटर फिल्टर से निकलने वाले व्यर्थ वेस्टेज पानी,जो सामान्यतः नाली में बह जाता है, उसके सदुपयोग हेतु एक योजना बनाई। इस योजना के अंतर्गत पाइपलाइन के माध्यम से उस पानी को पेड़-पौधों तक पहुँचाने की व्यवस्था की गई। यह विचार विद्यार्थियों को सामूहिक चर्चा के दौरान प्राप्त हुआ। जिसमें उन्होंने पानी की प्रत्येक बूंद के सही उपयोग पर मंथन किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने स्वयं क्यारियों में पानी डालकर यह संदेश दिया कि जो जल पहले व्यर्थ बह रहा था। अब वह पर्यावरण संरक्षण में सहायक बन रहा है। संगोष्ठी के उपरांत विद्यार्थियों के चेहरों पर जागरूकता एवं संतोष की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने वाला सिद्ध हुआ। इसमें प्राची चौरसिया,प्रत्यंचा रघुवंशी, हितैषी श्रीवास्तव, सहज शर्मा, देवांश शर्मा, अनन्या, अर्णव, राधिका, शौर्य नामदेव, अंश रघुवंशी, कार्तिक चौरसिया एवं यश सेन सहित अन्य विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। विद्यार्थियों ने भविष्य में जल को बचाने का संकल्प लेने के साथ अपने आस पास के बावड़ियों कुओ तालाबो नदियों के साफ़ सफाई हेतु बड़ो के निगरानी में कार्य सहयोग तथा जागरूकता अभियान चलाने एवं बरसात के पूर्व ट्यूबवेल को रिचार्ज करने रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए वोकल होने संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**

## एडवोकेट नीरज का आकस्मिक निधन



**सिरोंज।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट नीरज श्रीवास्तव का आकस्मिक निधन हो गया। इस अवसर पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शादी समारोह के दौरान वेटर का काम कर रहे 15 वर्षीय किशोर की अज्ञात कारणों से हुई मौत

**खुरई ।** शहनाई गार्डन में एक शादी समारोह के दौरान वेटर का काम कर रहे 15 वर्षीय किशोर की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। मृतक की पहचान घोरट निवासी टीकाराम उर्फ मनीष कुशवाहा के रूप में हुई है। यह घटना शनिवार को हुई। मृतक के साथ काम करने वाले प्रीत कुशवाहा ने बताया कि मनीष काम करते हुए कुर्सी पर बैठ गया था। तभी वह अचानक कुर्सी से गिर गया। वहां मौजूद अन्य साथियों ने उसे उठाने और पानी पिलाकर होश में लाने की कोशिश की, लेकिन कोई हलचल न होने पर उसे तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया। सिविल अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद मनीष को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ओमकार कुशवाहा ने बताया कि उनका बेटा घर से तैयार होकर गार्डन के लिए निकला था। उन्हें बाद में सूचना मिली कि बेटा अस्पताल में है, जहां पहुंचने पर वह मृत मिला। ओमकार कुशवाहा ने कैटरिंग ठेकेदार और होटल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## मानव एकता दिवस पर 105 लोगों ने किया रक्तदान

**सागर।** संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन ने संत निरंकारी मिशन के सदगुरु बाबा गुरवचन सिंह जी की याद में प्रत्येक वर्ष की भांति मानव एकता दिवस मनाया गया । मानव एकता दिवस पर हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी ये आयोजन किया गया है। जिसमें निरंकारी मिशन के भाई बहनों के अलावा कई लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया। मानव एकता दिवस के उपलक्ष में सागर में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा आज शास्त्री वार्ड स्थित निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव एकता हे जिसमें बाबा हरदेव सिंह जी महराज ने अपनी बाड़ी में कहा था रक्त नालियों में न बहे रक्त नाड़ियों में बहे। आज लगभग पूरे भारत में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इसी कड़ी में सागर जोन के सागर निरंकारी मंडल द्वारा 105 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमें 18 वर्ष से 50 वर्ष के भाई बहनों ने बढ़चढकर भाग लिया और इस महान कार्य में अपना योगदान दिया । मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया ।

## ग्राम बागरोदा में किसानों ने ली नरवाई न जलाने की शपथ



**सिरोंज।** ग्राम बागरोदा में पर्यावरण संरक्षण एवं कृषि सुधार को ध्यान में रखते हुए किसानों को नरवाई (फसल अवशेष) नहीं जलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जागरूक कर खेती में टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कृषि विभाग के अमले ने किसानों को समझाया कि नरवाई जलाने से न केवल मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता है। इससे लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं और आने वाली फसलों की उत्पादकता पर भी विपरीत असर पड़ता है। किसानों को वैकल्पिक उपायों जैसे हैप्पी सीडर, मल्चर एवं अन्य कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी गई, जिससे बिना नरवाई जलाए खेत की तैयारी संभव हो सके। साथ ही उन्हें शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं एवं अनुदान के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी किसानों ने सामूहिक रूप से नरवाई नहीं जलाने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए इसे निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# पांच सदस्यों के चोर गिरोह ने 5 घरों में चोरी का प्रयास किया

### दो मकान से लाखों का सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



पांच चोरों के गिरोह ने पुराने अस्पताल के पिछे बनी कालौनी में 5 स्थानों पर चोरी का प्रयास किया। 2 मकानों में चोरी कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी रूपये चोरी कर ले गए। चोर गिरोह मकान का गेट तोड़ते हुए सीसीटीवी केमरा में कैद भी हुए पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर गिरोह तलाशने का प्रयास कर रही है। एक बाईक भी चोर चोरी कर ले गए।

### बैखोफ चोर गिरोह

गर्मी और विवाहों के सीज़न में अक्सर लोग बच्चों के स्कूली अवकाश के दौरान गांव चले जाते है। सूने मकानों को निशाना बना कर चोर चारी की घटनाओं को अंजाम देते है। पिछले दिनों जिस प्रकार पुराने अस्पताल के पिछे मकानों में चोरों द्वारा बैखौफ हो कर चोरी की घटना को सूने घर में अंजाम दिया उससे लोगों में चोरों की दहशत फैल गई है। चोर गिरोह का एक सदस्य गेट का ताला तोड़ते हुए केमरे में कैद भी हो गया।

सबसे अधिक आश्चर्य की बात की चोरों के चेहरा ढकने की कोशिश नहीं की जिससे ऐसा लगा की चोर पूरी तरह बैखोफ हो कर चोरी करने के ईरादे से आए, इस बीच कोई उनके लिए बाधा बनता तो अप्रिय घटना भी हो सकती थी।

### सूने घर न छोड़े

इस संबंध में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने नागरिकों से सूने घर न छोडऩे की अपील की है। घरों के सामने सीसीटीवी केमरे सडक़ की ओर मुह करके लगाने का भी आग्रह किया है। जिससे आने-जाने वाले लोगों पर केमरे की नजर बनी रहे।

### न्यायाधीश ने व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

# उपजेल में विधिक साक्षरता और स्वास्थ्य शिविर लगा




हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

शनिवार को उपजेल में विधिक सहायता और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। अपर सत्र न्यायाधीश शतीस चंद्र मालवीय ने जेल में बंद कैदियों से चर्चा की और स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी ली गई। इसी के साथ जेल में मिलने वाले भोजन सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली गई।

न्यायाधीश श्री मालवीय ने विधिक सहायता और स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया और बंदियों को मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी। न्यायाधीश ने जेल की पाठशाला में पहुंचकर बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया गया।

# कल निकलेगी गौ सम्मान रैली

### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



गौ सेवा, सुरक्षा और गौ सम्मान के लिए 27 अप्रैल को रैली निकाल कर एसडीएम को ज्ञापन सोंपा जाएगा। गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने, गौ हत्या पूरी तरह बंद करने के विषय को लेकर पूर्व में बापोली धाम में पूं. लाल बाबा जी की उपस्थिति में बैठक हुई जिसमें भारी संख्या में सनातनी और गौ भक्तों की उपस्थिति रही। श्री रामलीला मैदान के सभागार में पं. चन्द्र कांत शास्त्री की विशेष उपस्थिति में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने गौ सुरक्षा सम्बर्धन और 27 अप्रैल को रैली निकालने ज्ञापन सोंपनें जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

27 अप्रैल को सुबह 10 बजे थाने के पास स्थित काली मंदिर से गौ सम्मान रैली प्रारंभ होगी। एसडीएम कार्यालय पहुंचकर गौ भक्तों द्वारा ज्ञापन सोंपा जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर में पर रैली में सम्मिलित होने वार्डों, मोहल्लों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

### आगामी तिथियों में नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन की मिले अनुमति

# राज्यमंत्री से मिला नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता के खिलाड़ियों का प्रतिनिधि मंडल, की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



हिन्दू मुस्लिम एकता मंच के तत्वाधान में 25 अप्रैल से 5 मई तक रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता होना थी। जिसकी अनुमति पूरी व्यवस्थाओं के बाद अचानक निरस्त कर दिए जाने से क्रिकेट प्रतियोगिता स्थगित हो गई।

शनिवार को हिन्दू मुस्लिम एकता मंच के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में विभिन्न क्रिकेट टीमों के लगभग 50 खिलाडिय़ों द्वारा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल से शिवाजी सेवा सदन में भेंट की और रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन की तैयारियां होने और अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अनुमति निरस्त कर देने की कार्यवाही से अवगत कराया।

हिन्दू मुस्लिम एकता मंच और क्रिकेट टीमों के खिलाडिय़ों द्वारा प्रतियोगिता आयोजन की सम्पूर्ण जानकारी राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल को देते हुए कहा कि नगर के खिलाडिय़ों के अभ्यास और खेले को आगे बढऩे का मौका प्रदान करने प्रतियोगिता का आयोजन दशहरा हॉकी मैदान पर किया जा रहा था।

राज्यमंत्री पटेल को दिए आवेदन में आगामी तिथियों में प्रतियोगिता आयोजन की अनुमति दिलाने का हिन्दू मुस्लिम एकता मंच और क्रिकेट खिलाडिय़ों द्वारा आग्रह किया गया है। मंत्री पटेल ने इस विषय में विचार और सहयोग का भरोसा खिलाडिय़ों को दिया गया। खिलाडिय़ों ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि राज्यमंत्री पटेल के सहयोग से नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन की अनुमति मिलने के साथ शीघ्र क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शुरु होगा।

# किसान संघ के पदाधिकारियों ने तहसील के सामने अपना धरना आंदोलन किया प्रारंभ

### किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु भारतीय किसान द्वारा पूर्व में सोंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली




इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचना किसानों के लिए बड़ी समस्या और मुसीबत बन रहा है। भारतीय किसान संघ द्वारा पिछले दिनों एसडीएम सन्तोष मुदगल को ज्ञापन सोंप कर किसानों की समस्याएं हल करने की मांग के साथ अन्यथा की स्थिति में 25 अप्रैल से किसान आन्दोलन धरना शुरु करने की लिखित में चेतावनी दी थी।

पूर्व घोषणा के अनुसार भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू, चना इत्यादि की खरीदी में फैली अव्यवस्थाओं को दूर करने तहसील के सामने अनिश्चत कालीन धरना आन्दोलन शुरु कर दिया है। सबसे बड़ी बात की धरना आन्दोलन कर रहे किसान धरना स्थल पर ही रात्रि विश्राम और दाल, भरता बाटी बनाने की सामग्री साथ लेकर आए है। किसान संघ का ऐसा ही आन्दोलन 2013 में तहसील के सामने पिपरिया चौराहे पर हुआ था। स्लाट बुक न होने की बाधा, तौल की समस्या से जूझ रहे किसानों को बोई गयी उपज का समय पर भुगतान भी नहीं मिल पर रहा है। खरीदी केन्द्रों पर तौल के दौरान अव्यवस्थाएं बनी रहने से किसान भारी हैरान-परेशान और बिगड़ी व्यवस्था से निराश आक्रोशित बने नजर आ रहे है।

शनिवार को किसान संघ पदाधिकारियों किसानों का जत्था धरने पर बैठ जम कर नारेवाजी की गई। कहा कि भुगतान न होने से किसान आथक समस्याओं से जूझ रहे है। किसानों को तत्काल राशि का भुगतान किया जाए। मांगे पूर्ण न होने तक किसानों का धरना आन्दोलन जारी रहेगा।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा

क्रमांक/2128/Water Supply/2026 विदिशा, दिनांक 24/04/2026

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2128 | 2026_UAD_503024_1 | Construction of Rain Water Harvesting | I Call | 158030.00 | 3161.00 | 1000.00 | 01 months | 05/05/2026 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, विदिशा

## बिना अनुमति संचालित हो रहे भट्टों से पर्यावरण के साथ ही कृषि पर भी मंडरा रहा संकट

# जंगल की लकड़ी से सुलग रहे ईंट भट्टे तेजी से फैल रहा वायुप्रदूषण का खतरा

भट्टों में तेजी से लकड़ी के दोहन से जंगलों का हो रहा 'क्षरण'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन तहसील में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टे पर्यावरण और ग्रामीण जीवन के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। इन ईंट भट्टों में जंगलों से अवैध रूप से काटी जा रही लकड़ी का ईंटों को पकाने में उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे न सिर्फ वनों का तेजी से क्षरण हो रहा है, बल्कि वायु प्रदूषण भी खतरा बढ़ रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि अधिकांश ईंट भट्टे जिला खनिज विभाग की अनुमति के बिना ही संचालित हो रहे हैं। फिर भी जिम्मेदार विभागों के आला अधिकारियों की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ईंट भट्टा संचालक रात के अंधेरे में जंगलों से पेड़ों की कटाई के बाद लकड़ी कटवाकर ईंट भट्टों तक पहुंचाते हैं। पेड़ों की इस अवैध कटाई के कारण आसपास के वन क्षेत्र तेजी से खत्म हो रहे हैं। वहीं, ईंट भट्टों से निकलने वाला घना धुआं गांवों तक पहुंचकर लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं।

ईंट निर्माण में भारी मात्रा में पानी की जरूरत होती है। जिसके लिए ईंट भट्टा संचालक आसपास के नदी-नालों औरनदी कुओं से पानी का अत्यधिक दोहन कर रहे हैं। इससे जल स्रोत तेजी से सूख रहे हैं और किसानों को सिंचाई के लिए पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।





### प्रदूषण का बढ़ रहा खतरा

ईंट भट्टों से निकलने वाला काला धुआं और धूल आसपास के गांवों में वायु प्रदूषण फैला रहा है। इससे लोगों में सांस, आंख और त्वचा संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। इसके अलावा पानी की भारी खपत बढ़ गई है। ईंट निर्माण में बड़ी मात्रा में पानी लगता है, जिससे स्थानीय जल स्रोतों पर दबाव बढ़ रहा है और जल संकट की स्थिति बन रही है।

### कृषि भूमि को हो रहा नुकसान

ईंट भट्टों के लिए उपजाऊ कृषि भूमि की ऊपरी परत को खोदकर मिट्टी निकाली जा रही है। इससे खेतों की उर्वरता खत्म हो रही है और किसानों की पैदावार पर सीधा असर पड़ रहा है। कई किसानों ने मजबूरी में अपनी जमीन ईंट भट्टा संचालकों को किराए पर दे दी है।लेकिन लंबे समय में यह सौदा उनके लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है।

### प्रशासनिक लापरवाही भी वजह

जिला खनिज और वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते यह पूरा अवैध कारोबार धड़ल्ले से फलफूल रहा है।यह मामला केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन, खेती और लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा बड़ा संकट बनता जा रहा है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

### ईंट भट्टों पर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध भट्टों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। जंगलों की कटाई पर रोक लगे और जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया। तो आने वाले समय में पर्यावरण और जनजीवन पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है।

### जंगल कर रहे साफ ...

क्षेत्र में बड़ी संख्या में ईंट भट्टे बिना वैध अनुमति के संचालित हो रहे हैं। खनिज विभाग से अनुमति लेने का नियम है, लेकिन कई भट्टे बिना अनुमति के ही चल रहे हैं। इन भट्टों में ईंधन के रूप में जंगलों से अवैध रूप से काटी गई लकड़ी का उपयोग हो रहा है। इससे वन क्षेत्र तेजी से घट रहा है। गर्मी में इन ईंट भट्टों में लगातार जलती आग और आसपास फैली सूखी घास के कारण आग लगने का खतरा बढ़ गया है।

### इनका कहना है

कई ईंट भट्टे मालिकों द्वारा विभाग से अनुमति लेकर संचालन कर रहे है। और अवैध ईंट भट्टा संचालकों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।
- **महेंद्र पटेल,** जिला खनिज अधिकारी रायसेन।

### थमाएंगे नोटिस

वन क्षेत्र की सीमा में चल रहे ईंट भट्टा मालिकों को नोटिस जारी कर जबाव मांगेंगे। जबाव न देने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
- **प्रतिभा शुक्ला,** डीएफओ सामान्य रायसेन।

---

## ओएमआर आधारित विधि से होगी परीक्षा

# 6 परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में होगी पीएससी परीक्षा आज

**परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ के समय से पहुंचना होगा 90 मिनिट पहले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 जिला मुख्यालय रायसेन पर ओएमआर आधारित विधि से आज 26 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे एवं दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक दो सत्रों में 6 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।



आयोग द्वारा परीक्षा के संबंध में नवीन प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक परीक्षा केन्द्र प्रवेश के दौरान बायोमेट्रिक्स प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्केनिंग, एचएचएमडी से तलाशी प्रारंभ की गई है। इन नवीन प्रक्रिया में परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थी को परीक्षा के समय से 90 मिनिट पूर्व पहुंचना होगा। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियो की त्रिस्तरीय जॉच की जाएगी। परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार के समीप अनुमत एवं वर्जित वस्तुओं की जानकारी चस्पा होगी, जिसका पूर्णतः पालन किया जाएगा।

परीक्षार्थियों की एचएचएमडी से दोनों सत्रों में जांच की जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला वीक्षक द्वारा (केबिन) में की जाएगी। साथ ही ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के पास विकल्प होगा कि वह अपनी फिस्किंग महिला अथवा पुरूष कर्मचारी से करवाना चाहते है। परीक्षार्थी स्वयं के साथ केवल बॉलपेन, एक पानी की पारदर्शी बॉटल, ई-प्रवेश पत्र व आईडी कार्ड साथ मे ला सकते है।

### रायसेन में इन परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा

जिला मुख्यालय पर बनाए परीक्षा केंद्र क्रमांक 31/1 शासकीय गर्ल्स स्कूल सागर रोड रायसेन केन्द्र के केंद्राध्यक्ष कमलेश नरवरे, परीक्षा केंद्र क्रमांक 32/2 शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रायसेन, केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष पीएस कोरी, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 31/3 प्रेसिडेंसी कॉलेज ब्लॉक बी केन्द्राध्यक्ष ज्योति जैन, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 31/4 प्रेसिडेंसी कॉलेज ब्लॉक ए केन्द्राध्यक्ष संध्या जैन, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 31/5 राजीव गांधी कॉलेज सांची रोड रायसेन - केन्द्राध्यक्ष आरडी साहू और परीक्षा केन्द्र क्रमांक 31/6 स्वामी विवेकानंद कॉलेज सागर रोड रायसेन केन्द्राध्यक्ष डा. इशरत खान, इन केंद्रों में परीक्षा आयोजित होगी।

---

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ग्राम कोटरा में स्वगणना कार्य देखा



**रायसेन।** शनिवार को भीषण गर्मी के बावजूद कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा गांवों में गणना की जानकारी लेते नजर आए। कोटरा सचिव रितेश यादव ने भी मोबाइल में अपनी गणना की जानकारी कलेक्टर को दी। कलेक्टर ने ग्राम कोटरा, मेढकी पहुंचकर डोर टू डोर स्वगणना कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मैदानी अमले से स्वगणना कार्य की जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें जनगणना का महत्व बताया और सही जानकारी के साथ ऑनलाइन स्वगणना फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया।

### गंगा संवर्धन के तहत रखे ठंडे पानी के मटके

**दीवानगंज।** भीषण गर्मी के बीच ग्राम पंचायत दीवानगंज ने सराहनीय पहल करते हुए गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत फैक्ट्री चौराहा, मां कर्मा रेस्टोरेंट के समीप राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था शुरू की है। ग्राम पंचायत सरपंच गिरजेश नायक, सचिव रामप्रसाद मालवीय और ग्रामीणों ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। जिससे राहगीरों व ग्रामीणों को तपती गर्मी में राहत मिल सके।

---

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने की गेहूं खरीदी की समीक्षा, अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को रायसेन में अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा के चारों जिलों में गेहूं व चना उपार्जन व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में खरीदी प्रक्रिया की पारदर्शिता, समयबद्धता और किसानों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने स्लॉट बुकिंग व्यवस्था को सुचारू और आसान बनाने, पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने और खरीदी केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

### शनिवार को भी खरीदी जारी रखी जाए

समीक्षा बैठक में बताया कि, रायसेन में इस वर्ष अब तक लगभग 30 हजार किसानों ने स्लॉट बुकिंग कराई है और 21 हजार किसानों से खरीदी हो चुकी है। पिछले वर्ष लगभग 5.50 लाख मीट्रिक टन खरीदी की गई थी, जबकि इस वर्ष अब तक लगभग 1 लाख मीट्रिक टन खरीदी हो चुकी है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और पिछले वर्ष के 121 खरीदी केन्द्रों की तुलना में इस वर्ष केन्द्रों की संख्या बढ़ाई गई है। बड़े किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग शुरू कर दी गई है और शनिवार को भी खरीदी जारी रखी जा रही है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि गेहूं उपार्जन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### एक ही संकल्प, किसान को कोई परेशानी न हो

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, "हमारा एक ही संकल्प है कि हमारे लिए किसान भगवान हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। हम खरीदी करके किसान पर कोई उपकार नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम किसान के ऋणी हैं, जिन्होंने देश को गेहूं के मामले में आत्मनिर्भर बनाया है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीम भावना से युद्धस्तर पर कार्य करते हुए किसानों की सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

---

# भाजयुमो को ऐसे युवा चेहरे की तलाश-जो युवाओं को संगठित कर मजबूत मंच दे सके

**भाजयुमो जिला अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी हुई तेज, खींचतान में जुटे पद के दावेदार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



भारतीय जनता युवा मोर्चा में इस बार जिला अध्यक्ष पद को लेकर हलचल तेज हो गई है। संगठन अब ऐसे युवा चेहरे की तलाश में है, जो न केवल निर्विवाद छवि का हो, बल्कि युवाओं को प्रभावी ढंग से संगठित कर उन्हें एक मजबूत मंच भी प्रदान कर सके। यह बात भाजयुमो के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर ने रायसेन प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कही।

उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन की प्राथमिकता ऐसे नेतृत्व को आगे लाने की है, जो युवाओं को जोड़ने के साथ-साथ उन्हें दिशा भी दे सके। संगठन ही वह मंच है, जो युवाओं को नई पहचान दिलाता है और उनकी नेतृत्व क्षमता को निखारकर उन्हें मुकाम तक पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि युवामोर्चा ही भाजपा के युवाओं को पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाता है।

### आधा दर्जन दावेदार

भाजयुमो जिलाध्यक्ष पद के लिए इस बार मुकाबला दिलचस्प होता नजर आ रहा है। करीब आधा दर्जन युवा नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश कर दी है और समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन भी शुरू हो चुका है। प्रमुख दावेदारों में अंशुल शर्मा, शुभम उपाध्याय, देवेंद्र बघेल सहित अन्य युवा नेताओं के नाम शामिल हैं। ये सभी युवा नेता संगठन के भीतर सक्रिय रहकर रायशुमारी में जुटे हुए हैं।

### अल्प प्रवास में संवाद

प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर अपने अल्प प्रवास के दौरान रायसेन पहुंचे, जहां जिला भाजपा कार्यालय में उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा, जीतू ठाकुर और मीडिया प्रभारी सीएल गौर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने फूलमालाओं से उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

---

# आंगनबाड़ी केंद्र में कुपोषित बच्चों को वितरित किए फूड किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

बरेली परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र घोंट में अति कुपोषित बच्चों के लिए फूड किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी जुलेखा खान के नेतृत्व में एलटी फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम घोंट के आंगनबाड़ी केंद्र में 16 अति कुपोषित बच्चों को फूड किट वितरित किए गए।

इस दौरान बच्चों के अभिभावकों को भी पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम घोंट के सरपंच कमल सिंह ठाकुर एवं एलटी फाउंडेशन से राहुल शर्मा की




विशेष उपस्थिति रही। उनके द्वारा सेक्टर बाड़ी ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज अति कुपोषित बच्चों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल की गई। इस अवसर पर प्रभारी परियोजना अधिकारी जुलेखा खान, ब्लॉक समन्वयक संदीप कुमार रघुवंशी, सेक्टर पर्यवेक्षक चंद्रिका पटेल, चित्रलेखा श्रीवास्तव, विकास सोलंकी, प्रमोद रघुवंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व अभिभावक उपस्थित रहे।

कलेक्टर के निर्देशानुसार संचालित सुपोषित रायसेन कार्यक्रम के अंतर्गत अति कुपोषित श्रेणी के बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बरेली परियोजना द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों के बेहतर पोषण और स्वास्थ्य के लिए जनसहयोग के साथ कार्य किया जा रहा है। परियोजना के माध्यम से जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

---

# डंपर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर चालक की मौके पर ही मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज



बेगमगंज-सुल्तानगंज रोड पर तुलसीपार के पास कॉन्वेंट स्कूल के सामने एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक पर सवार तीन को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य दो गंभीर रूप से घायल जिन्हें जिला अस्पताल किया गया रेफर।

सागर जिले की खुरई तहसील के ग्राम विनयका निवासी शिव सिंह आदिवासी 28 वर्ष अपनी बाइक पर परिवार के सदस्य श्रीमती राधारानी 50 वर्ष एवं अंश 14 वर्ष को बैठाकर किसी शादी में शामिल होने सुल्तानगंज तरफ जा रहे थे, तभी एक अज्ञात डंपर से भीषण भिड़ंत हो गई और घटना स्थल पर शिवसिंह आदिवासी की दर्दनाक मौत हो गई। महिला राधारानी एवं लड़का अंश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से लेकर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद अंश 14 साल जिसके चेहरे पर गंभीर चोट आई और चेहरा पूरी तरह से कट गया एवं महिला राधारानी 50 साल की, जिसके चेहरे पर गंभीर चोट आई, हाथ पैर में चोट आने से जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्जकर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

प्रत्यक्षदर्शी एक राहगीर ने जानकारी देते हुए बताया कि एक तेज रफ्तार डंपर बाइक सवारों को रोंदता हुआ तेजी से भाग निकला।

---

## जनगणना प्रथम चरण के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# जनगणनाः 240 प्रगणक व सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनरों ने दिए मकान सूचीकरण के साथ एप संचालन के दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

भारत की जनगणना 2026 के प्रथम चरण के अंतर्गत नगर के पीएमश्री शासकीय कन्या विद्यालय में व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सिलवानी, बम्होरी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नियुक्त प्रगणक और सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा विस्तार पूर्वक प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में लगभग 240 कर्मचारियों ने भाग लेकर जनगणना कार्य की प्रक्रिया, तकनीकी पक्ष तथा मैदानी कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराना है। इस चरण में प्रत्येक घर, भवन और संपत्ति का सर्वे किया जाएगा। प्रगणक घर-घर जाकर मकानों को क्रमांक देंगे तथा वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली, शौचालय, रसोई गैस,



इंटरनेट, वाहन, कृषि भूमि और अन्य संपत्तियों से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे। साथ ही परिवारों की सामान्य सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से जुड़ी जानकारी भी दर्ज की जाएगी।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने कर्मचारियों को बताया कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं का मजबूत आधार है। सरकार द्वारा बनाई जाने वाली योजनाएं, बजट आवंटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और ग्रामीण विकास की नीतियां जनगणना के आंकड़ों पर ही आधारित होती हैं। इसलिए हर प्रगणक की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हर्षल चौधरी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और सटीकता के साथ किया जाना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य की योजनाओं को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने सभी प्रगणकों से समय पर कार्य पूर्ण करने और नागरिकों से विनम्र व्यवहार रखने की अपील की।

इस बार जनगणना प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि पहली बार कागजी प्रपत्रों के स्थान पर मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग किया जा रहा है। प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से सीधे डेटा दर्ज करेंगे, जिससे समय की बचत होगी और त्रुटियों की संभावना कम होगी। डिजिटल प्रणाली से डेटा संग्रहण अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्वरित होगा। इसके अतिरिक्त नागरिकों को स्व--गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके तहत नागरिक सरकारी पोर्टल पर जाकर स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।


## कार्यालय नगर परिषद गैरतगंज, जिला रायसेन म.प्र.

क्रमांक /772/न.परि./न.ज.सा./2026-27 गैरतगंज दिनांक 16.04.2026

**ई निविदा सूचना**

नगर परिषद गैरतगंज को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निकाय अंतर्गत नलजल / हेण्डपंप सुधार कार्य व्यवस्था में लगने वाली सामग्री की ई निविदा दरे पंजीकृत ठेकेदार/सप्लायर्स / दुकानदारों से ऑनलाईन निविदायें ई-टेंडरिंग बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जा रही हैं। सामग्री का विवरण निम्नानुसार है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का कीमत | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_500921_1 | हेण्डपंप मरम्मत सामग्री संलग्न सूची अनुसार । | 10.00 लाख | 10,000.00 | 2000.00 | कायार्देश अनुसार |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र कय करने की तिथि 24.04.2026 (17:30) से 25.05.2026 (17:30) बजे तक व निविदा खोलने की दिनांक 27.05.2026 समय 12.00 बजे निर्धारित है।

**श्री जिनेश सिंघई**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद गैरतगंज**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद गैरतगंज**